# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 09 मई 2025








Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

**Rajasthan Current Affairs**

by GK Search Engine

GET IT ON
Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine



Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में साइक्लिंग में कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) कांस्य पदक

(C) रजत पदक

(D) इनमें से कोई नही

*♦राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के साइक्लिंग मुकाबलों के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए।*

*♦18 वर्षीय हर्षिता ने 500 मीटर टाइम ट्रायल और 7.5 किमी स्क्रैच रेस में दबदबे के साथ जीत हासिल की*

*♦हर्षिता, जिन्होंने 2025 जूनियर ट्रैक एशियन साइक्लिंग चैंपियनशिप में चार पदक जीते थे!*

**01. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजस्थान में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कब किया जाएगा?**

**(A) 18 मई**

**(B) 10 मई**

**(C) 12 मई**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

♦राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को किया जाएगा।

♦ यह लोक अदालत राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर एवं जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता आयोगों एवं अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में कार्यकारी अध्यक्ष, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सानिध्य में आयोजित की जाएगी।

♦प्रकरणों की सुनवाई के लिए अधीनस्थ न्यायालयों की कुल 476 बैंचों का गठन किया गया,

**02. खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में राजस्थान के आदित्य जाखड़ ने कौनसा मेडल जीता है?**

(A) स्वर्ण पदक

(B) कांस्य पदक

(C) रजत पदक

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में राजस्थान के आदित्य जाखड़ ने साइक्लिंग में अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीता,

♦ उसने 200 मी स्प्रिंट में गोल्ड मेडल जीता, जबकि गत दिवस उसने 1 किमी टाइम ट्रायल रेस में स्वर्ण पदक जीता था।

♦खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025, जो कि भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना का सातवां संस्करण है। यह बिहार और नई दिल्ली के कई शहरों में आयोजित हो रहा है। यह प्रतियोगिता 4 मई से 15 मई तक आयोजित की जा रही है

03.हाल ही में महाराष्ट्र में सम्पन्न चौथे फेडरेशन कप कबड्डी टूर्नामेंट में राजस्थान पुरुष वर्ग टीम ने कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) कांस्य पदक

(C) रजत पदक

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान ने अमरावती (महाराष्ट्र) में सम्पन्न चौथे फेडरेशन कप कबड्डी टूर्नामेंट में उपविजेता रहते हुए पुरुष वर्ग का रजत पदक जीत लिया।

♦भारतीय रेलवे ने स्वर्ण पदक जीता। उसने फाइनल में राजस्थान को 42-18 अंकों से शिकस्त दी। जबकि, हरियाणा और सर्विसेज (सेना) की टीमों ने कांस्य पदक जीता

♦चौथे फेडरेशन कप कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन अमरावती, (महाराष्ट्र) में 1-4 मई, 205 को किया गया

04.राजस्थान से भारतीय-अमेरीकी वैज्ञानिक डॉ. रमेश रलिया द्वारा निर्मित किस खोज के लिए को यूनाइटेट स्टेट ऑफ अमेरिका द्वारा पेटेंट दिया गया है?



(a) कैंसर वैक्सीन

(b) जैविक बीज

(c) नैनो उर्वरक

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦हाल ही में भारत-अमेरीकी वैज्ञानिक डॉ. रमेश रलिया  द्वारा निर्मित एनपीके नैनो उर्वरक को यूनाइटेट स्टेट ऑफ अमेरिका द्वारा पेटेंट दिया गया है?

♦जोधपुर जिले के भारतीय-अमरी की वैज्ञानिक डॉ. रमेश रलिया और उनके सह-आविष्कारक डॉ. प्रतीम बिस्वास को एनपीके नैनो उर्वरक के लिए उनके अग्रणी कार्य के लिए अमरिकी पेटेंट मिला है, जो वैश्विक कृषि को बदलने की क्षमता रखता है। संयुक्त राज्य पेटेंट और ट्रेडमार्क कार्यालय (यूएसपीटीओ) की ओर से 6 मई, 2025 को उन्हें पेटेंट  प्रदान किया गया।

**05. राजस्थान में महाराणा प्रताप की कौनसी जयंती इस वर्ष मनाई जा रही है?**

(a) 466वीं

(b) 485वीं

(c) 474वीं

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➥महाराणा प्रताप जयंती 9 मई 2025 को भारत के सबसे साहसी और प्रतिष्ठित योद्धाओं में से एक महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती के रूप में मनाई

♦हालाँकि, महाराणा प्रताप जयंती 2025 हिंदू कैलेंडर के आधार पर , ज्येष्ठ माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाएगी जो 30 मई को है

♦महाराणा प्रताप उदयपुर, मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा थे

♦महाराणा प्रताप ने 1576 में हुआ हल्दीघाटी का युद्ध में 20,000 सैनिकों के साथ संघर्ष किया, जबकि मुगलों की सेना लगभग 85,000 सैनिकों से सुसज्जित थी।।

**06. हाल ही में राजस्थान के जयपुर में 11, अप्रैल को तीसरे राष्ट्रीय आरोग्य मेले का शुभारंभ किसने किया?**

(A) दीया कुमारी

(B) भजनलाल शर्मा

(C) प्रेमचंद बैरवा

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय  में 11, अप्रैल को तीसरे राष्ट्रीय आरोग्य कार्यक्रम-2025 का उद्घाटन हुआ।

♦ मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री और आयुष मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने दीप प्रज्जवलन और धन्वंतरि का पूजन कर आरोग्य मेले का शुभारंभ किया।

♦14 अप्रैल तक चलने वाले चार दिवसीय राष्ट्रीय आरोग्य मेले का शुभारंभ जिसमें पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दिया जाएगा।

07.प्रति व्यक्ति आय में राजस्थान का कौन सा जिला शीर्ष स्थान पर है

(a) भीलवाड़ा

(b) अलवर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➡प्रति व्यक्ति आय में जयपुर को पीछे छोड़ भीलवाड़ा दूसरे नंबर पर, अलवर टॉप पर

♦प्रति व्यक्ति आय (2023-24, प्रचलित कीमत पर):

- अलवर: (13.96% वृद्धि) – प्रथम स्थान
- भीलवाड़ा☹12.47% वृद्धि) – द्वितीय स्थान
- जयपुर: (12.61% वृद्धि) – तृतीय स्थान

♦स्थिर कीमत पर प्रति व्यक्ति आय:

- प्रथम: अलवर – ₹1,47,849
- द्वितीय: जयपुर – ₹1,34,241
- तृतीय: राजसमंद – ₹1,13,514

08.राजस्थान में लोक सेवा दिवस पर कार्यक्रम राजस्थान में कर्मयोगी कौशल विकास सप्ताह की कब हुई थी?

(A) 21 अप्रैल

(B) 24 अप्रैल

(C) 22 अप्रैल

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦राजस्थान में लोक सेवा दिवस पर कार्यक्रम राजस्थान में कर्मयोगी कौशल विकास सप्ताह की शुरूआत हुई थी
21-25 अप्रैल तक राजस्थान में कर्मयोगी कौशल विकास सप्ताह का आयोजन किया गया

♦राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसका शुभारंभ किया था इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पुरस्कार प्रदान किए

09. हाल ही में विश्व थैलेसीमिया दिवस कब मनाया गया है?

(a) 5 मई

(b) 8 मई

(c) 3 मई

(d) 7 मई

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦विश्व थैलेसीमिया दिवस: 8 मई

♦थैलेसीमिया एक वंशानुगत (आनुवांशिक रूप से प्रसारित) ऑटोसोमल रिसेसिव विकार है जो माता-पिता (या तो एक या दोनों) से प्राप्त होता है।

♦यह आनुवंशिक उत्परिवर्तन के कारण लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है, जिससे हीमोग्लोबिन की अल्फा और/या बीटा-ग्लोबिन श्रृंखलाओं में कमी आती है।

♦थीम "थैलेसीमिया के लिए एक साथ: समुदायों को एकजुट करना, रोगियों को प्राथमिकता देना" है।

10. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेटर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया है?

(a) रोहित शर्मा

(b) रविन्द्र जडेजा

(c) रविचंद्रन अश्विन

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➡ रोहित शर्मा ने एक दशक के लंबे सफर के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा

♦रोहित शर्मा ने 67 टेस्ट मैचों के अपने करियर का अंत 4,300 से अधिक रन, 12 शतक और 212 के उच्चतम स्कोर के साथ किया।

♦उनकी लाल गेंद प्रारूप में वापसी WTC युग के दौरान एक सलामी बल्लेबाज के रूप में हुई, जहाँ वे भारत के शीर्ष स्कोरर बने।

**Today, Quiz:**

**Q.हाल ही में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम (यूथ) स्पर्धा में राजस्थान ने कौनसा पदक जीता है?**

(A) स्वर्ण पदक

(B) कांस्य पदक

(C) रजत पदक

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine